989
16-4-2015

<u>सर्वोच्च प्राथमिकता/समयबद्ध/द्वारा फैक्स/ प्रथम अनुस्मारक</u>

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद–1

संख्याः 18–21–2014(वरिष्ठता सूची) दिनांक : अप्रेल 16 ,2014

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
राजकीय रेलवे पुलिस मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**विषय :** पुलिस मुख्यालय संवर्ग के निरीक्षक(एम)/गोपनीय सहायक एवं एस0आई0(एम)/आशुलिपिक की निर्गत सूची का परीक्षण कर सूचना उपलब्ध कराया जाना।

---

कृपया उपयुर्क्त विषयक पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 06–04–2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2— प्रश्नगत सूची को uppolice.nic.in में Police Head Quarters (PHQ) के PHQ circulars (subject) में Estt. Matters of Ministerial में PDF File में प्रदर्शित कर सिस्टम पर Upload करते हुये अनुरोध किया गया था कि उक्त सूची में आपके कार्यालय के किसी निरीक्षक(एम)/गोपनीय सहायक एवं एस0आई0(एम)/आशुलिपिक कर्मियों को कोई आपत्ति हो अथवा किसी का नाम सूची में अंकित न हो अथवा किसी संशोधन की आवश्यकता हो तो इस संबंध में 07 दिवस के अन्दर प्रत्यावेदन प्राप्त कर अपने पास उपलब्ध अभिलेखों आदि के आधार पर उसका परीक्षण कराकर अपनी टिप्पणी/संस्तुति सहित दिनांक 15.04.2015 तक साफ्ट कापी प्रत्येक दशा में पुलिस मुख्यालय के ई–मेल sectionofficer18phq @gmail.com पर एवं हार्ड कापी सीधे अनुभाग–18 में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3— उक्त सम्बन्ध में आपके कार्यालय से अभी तक कोई सूचना प्राप्त न होने के कारण मामले में विलम्ब हो रहा है। उल्लेखनीय है कि पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश को सम्बोधित अपने पत्र संख्या–डीजी–चार–115(172)98–पार्ट–4 दिनांक 12–04–2015 के माध्यम से भी प्रकरण में समस्त कार्यवाही समय से पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश निर्गत किये गये है।

4— अतः अनुरोध है कि प्रकरण को प्रथम वरीयता प्रदान करते हुये **प्रस्तर–2 के अनुसार अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कराकर आख्या दिनांक 19–04–2015 तक अनिवार्य रूप** से पुलिस मुख्यालय को ई–मेल sectionofficer18phq @gmail.com अथवा फैक्स के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **यदि अपलोड सूची में किसी प्रकार का कोई संशोधन अपेक्षित न हो तो भी <u>शून्य सूचना</u> समय से प्रेषित की जाय।**

16/4/15
(कवीन्द्र प्रताप सिंह)
पुलिस अधीक्षक,'कार्मिक'
उत्तर प्रदेश।

<u>संख्या तथा दिनांक वही–</u>

**प्रतिलिपि–पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

<u>संख्या तथा दिनांक वही–</u>

<u>प्रतिलिपि</u>

1– प्रभारी आई0टी0 सेल, पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे कृपया उक्त पत्र को पुलिस के वेबसाइट uppolice.nic.in पर Upload करते हुये समस्त संबंधित को उनके ई–मेल पर भी भेजकर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।